बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति सं0—PR................/2024

स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (द्वितीय) की पुनर्परीक्षा का प्रवेश पत्र *निर्गत करने तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना।*

एतद् द्वारा स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (द्वितीय) की पुनर्परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, 2024 (द्वितीय) के कक्षा 9—10 के विषयों यथा; संगीत (114), हिन्दी (101), गृह विज्ञान (119), नृत्य (116) व फारसी (107) एवं कक्षा 11—12 के विषयों यथा; गृह विज्ञान (224) व इतिहास (225) की दिनांक 26.08.2024 को आयोजित की गई परीक्षा अपरिहार्य कारण से रद्द कर दी गई है। उन विषयों की पुनर्परीक्षा **दिनांक 13.11.2024** को CBT के माध्यम से आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र समिति के वेबसाइट **https://www.bsebsakshamta.com** पर दिनांक **04.11.2024** को अपराह्न में अपलोड कर दिया गया है, जिसे आवेदक उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

2. आवेदक उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर लॉग इन आई॰डी॰ में अपना Application No. एवं पासवर्ड में अपना जन्मतिथि (DD-MM-YYYY के पैटर्न में) अंकित कर लॉगिन करेंगे। लॉगिन करने के बाद उन्हें अपना प्रवेश पत्र दिखाई देगा, जिसके उपर दाहिने कोना पर **"Print"** का विकल्प दिखाई देगा। **"Print"** पर क्लिक कर आवेदक अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड/प्रिंट कर सकते हैं।

3. आवेदक वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के उपरांत उसे अपने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) से प्रतिहस्ताक्षरित करायेंगे। बिना जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के प्रतिहस्ताक्षर के प्रवेश पत्र मान्य नहीं होगा तथा उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

4. आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे प्रवेश पत्र में अंकित तिथि/समय/परीक्षा केन्द्र अनुसार ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंगे। उन्हें यह भी परामर्श दिया जाता है कि वे प्रवेश पत्र में अंकित दिशा—निर्देशों का भली—भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा उसका पालन करेंगे।

4/11/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : के0वि0 –730........../2024 पटना, दिनांक 04./ 11 /2024